दिनांक–27.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में मगध प्रमंडल क्षेत्रान्तर्गत विभागीय सभी प्रमंडल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ छूटे हुए टोलों में किये गए कार्यों के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

Progress of Ongoing Water Supply SchemesLOT (PHED/PRD)

- कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद को निदेश दिया गया कि बोरिंग चैम्बर में प्लास्टर तथा कैप लगाना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता

- कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल को निदेश दिया गया कि कंट्रोल पैनल विभागीय मानक के अनुरूप अधिष्ठापित करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता

- कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा बताया गया कि कुल 288 योजनाओं में 133 का बोरिंग हो गया है तथा 77 अदद योजनाओं में अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त है जिसे जिला पदाधिकारी, जहानाबाद से समन्वय स्थापित कर 2 से 3 दिन में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर MIS Portal पर अद्यतन कर दिया जाएगा। 133 बोरिंग हो जाने के उपरांत भी मात्र 52 अद्द बोरिंग को ही MIS Portal पर अपलोड किया गया है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा–5/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

- कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, गयाजी के को निदेश दिया गया कि योजनाओं को Trial Run में लाते हुए Certificate MIS Portal पर अपलोड करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता

- सभी कार्यपालक अभियंता को पूर्व में निदेशित किया गया था कि माह सितम्बर, 2026 में पूर्ण किए गए योजनाओं का MIS Portal पर प्रविष्टि करना था, किन्तु अभी तक किसी भी कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रविष्टि नहीं किया गया। उक्त के संबंध में सभी कार्यपालक अभियंता को सख्त निदेश दिया गया कि अविलंब MIS Portal पर प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

Site/Land Availability Status LOT (PHED/PRD)

- विभिन्न जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता की समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा, जहानाबाद में कतिपय स्थलों पर भूमि उपलब्धता से संबंधित समस्या है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संबंधित जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- भूमि उपलब्धता से संबंधित प्रविष्टियों में वास्तविक स्थिति प्राप्त होते ही MIS Portal पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।

Electricity Bill Dues and payment Status (PHED)

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विद्युत विपत्रों के बकाया राशि के विरूद्ध भुगतान की स्थिति संतोषप्रद नहीं है। प्रमंडल के स्तर से स्वयं भुगतेय बकाया राशि के विरूद्ध भी भुगतान नहीं हो

पा रहा है। इस संबंध में सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि विद्युत विपत्रों के बकाया राशि के विरूद्ध भुगतान संवेदकों/एजेंसियों के माध्यम से शत्–प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

- प्रत्येक जिले में लंबित विद्युत बिलों एवं भुगतान संबंधी मामलों का सत्यापन कर नियमानुसार निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना को यह निदेश दिया गया कि PHED/PRD O&M के किस योजना के लिए कितनी राशि की माँग की गयी है, उसमें से कितनी राशि का भुगतान संवेदक/एजेंसी को किया गया है एवं उस राशि में से कितना विद्युत विपत्र का भुगतान किया गया है। इसकी समीक्षा कर अनुपालन प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना।

Electricity Consumer Mapped Summary (PHED/PRD)

- सभी योजनाओं की विद्युत उपभोक्ता मैपिंग शीघ्रपूर्ण की जाए तथा जिन योजनाओं में उपभोक्ता Consumer ID अथवा मीटर संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण Mapping का कार्य लंबित है वहाँ जिला स्तर पर DPRO/संबंधित विद्युत विभाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित कर विद्युत मीटर अधिष्ठापित करते हुए उपभोक्ता संख्या प्राप्त कर Mapping का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्युत उपभोक्ता मैपिंग में डुप्लीकेट डाटा को MIS Portal पर से डिलिट करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

CMO Surprise Inspection Summary

- मुख्यमंत्री कार्यालय से कराये जा रहे Surprise Inspection में पाये गये बंद/अक्रियाशील योजनाओं को त्वरित गति से निष्पादन कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन (ATR) अविलंब MIS पोर्टल पर प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

Status of Payment Against Allotment

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि प्रमंडलान्तर्गत शेष बचे हुए आवंटन राशि को 3 दिन के अन्दर Total Disbursement करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

अन्यान्यः–

- गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन और चैम्बर निर्माण में त्रुटियों एवं कंट्रोल पैनल का अधिष्ठापन में त्रुटियों पर कार्यपालक अभियंता/एजेंसियों को अविलंब सुधार कर पुनः फोटोग्राफ्स MIS Portal पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना को यह निदेश दिया गया कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक एजेंसी/संवेदक के विद्युत विपत्र के लंबित बकाया रहने के बावजूद उनकी सुरक्षा निधि (Security deposit Money) वापस कर दी गयी है, तो इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच

कर उतरदायित्व तय किया जाय एवं इसकी दैनिक रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

अनुपालन–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया है कि जिन संवेदकों/एजेंसियों का अनुबंध समाप्त किया जा चुका है, उनकी अंतिम मापी (Final Measurement) की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करते हुए नियमानुसार रिकवरी एवं बकाया भुगतान की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निदेश दिया गया एवं साथ ही नये टेंडर में नये संवेदकों/एजेंसियों को Hand over/Take over की प्रक्रिया अविलंब पूर्ण किया जाय।

अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

02.11.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/बैठक–102/24–915 /पटना,दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, गयाजी, आरा, सासाराम/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, गयाजी, शेरघाटी, जहानाबाद, नवादा, अरवल एवं औरंगाबाद, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक–14/बैठक–102/24–915 /पटना, दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/अपर सचिव/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) दक्षिण बिहार/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/आई॰टी॰मैनेजर/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक–14/बैठक–102/24–915 /पटना,दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)